158

# दिनॉक 06.02.2024 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे :-

1— मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2— जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।
3— जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
4— प्रभागीय वनाधिकारी, सीतापुर।
5— अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
6— अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड, शारदा नहर, सीतापुर।
7— सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
8— डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 सीतापुर।
9— मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, सीतापुर।
10— मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो सीतापुर।
11— समस्त इम्प्लामेंन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी(आई0एस0ए0) सीतापुर

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्व में की गयी समीक्षा बैठक के बिन्दुओ पर चर्चा की गयी तदोपरान्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 एवं मेसर्स एल0एण्ड टी0 लि0 के द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी जिसमें मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को 783 योजनाओं के अन्तर्गत 982 ग्राम पंचायत सम्मिलित 1437 राजस्व ग्रामों में पेयजल योजना में कार्य कराया जाना अपेक्षित है जिसके सापेक्ष मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 के द्वारा अद्यतन तक 781 योजनाओं के अन्तर्गत 980 ग्राम पंचायतों में सम्मिलित राजस्व ग्राम 1435 के कवर अनुबन्ध ही गठित किये गये शेष 02 योजनाओं के कवर अनुबन्ध अभी तक गठित नहीं किये गये है। जिस हेतु मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 के ए0जी0एम0 श्री चन्द्रशेखर राव द्वारा बताया गया कि 02 योजनाओं के कवर अनुबन्ध के गठन हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध तैयार करते हुए राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय को प्रेषित कर दिया गया है 01 सप्ताह के अन्दर कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु अप्राप्त/प्राप्त विवादित भूमियों की समीक्षा की गयी जिसमें 07 स्थानों पर अभी तक भूमि अप्राप्त पायी गयी एवं 12 स्थानों पर भूमि विवादित पायी गयी जिस हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 सीतापुर एवं सहायक अभियन्ता तथा जूनियर इंजीनियर को निर्देशित किया गया कि भूमि हेतु सम्बन्धित तहसीलों के उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए अप्राप्त/प्राप्त विवादित भूमियों का निरस्तारण करायें तथा साथ ही सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि अप्राप्त/प्राप्त विवादित भूमियों का निरस्तारण जल्द से जल्द करा दिया जाये। अप्राप्त/प्राप्त विवादित भूमियों की समीक्षा के समय विकास खण्ड बेहटा की कुरतहिया ग्राम पंचायत में प्राप्त भूमि हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा उप जिलाधिकारी लहरपुर से वार्ता की गयी जिसमें वार्ता के उपरान्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 के ए0जी0एम0 श्री चन्द्रशेखर राव को निर्देशित किया गया कि जो भूमि आपको उपलब्ध करायी गयी है उसी भूमि पर कार्य कराया जाये।



Scanned by CamScanner

(157)

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक में इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सियों (आई०एस०ए०), डी०पी०एम०यू० ने अपनी संस्था द्वारा की गयी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गयी एवं अवगत कराया कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल जीवन मिशन से जोड़ा जा रहा है। जिससे उनकी रूचि इस मिशन के प्रति बढ़ी है।

**मे० लार्सन एण्ड टूब्रो लि०–**

1– मे० लार्सेन एण्ड टूब्रो लि० द्वारा अवगत कराया गया कि 535 स्वीकृति डी०पी०आर० में 528 नग बोरवेल का कार्य पूर्ण हुआ है। पम्प हाउस 261 नग में कार्य चल रहा है तथा 207 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा समय सीमा पूर्ण हो जाने वाले कवर अनुबन्धों की समीक्षा की गई जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क. सं. | कवर अनुबन्ध | कार्य प्रारम्भ की तिथि | कार्य समाप्ति की तिथि | शिरोपरि जलाशय | | पाइप लाइन (कि०मी०) | | बोरिंग का कार्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लक्ष्य | प्रगति | लक्ष्य | प्रगति | लक्ष्य | प्रगति |
| 1 | 108/ई.डी./21–22 | 10.08.2021 | 09.02.2023 | 91 | 76 | 1031.00 | 754.37 | 91 | 91 |
| 2 | 206/ई.डी./21–22 | 08.12.2021 | 07.06.2023 | 129 | 96 | 1364.41 | 902.85 | 129 | 129 |
| 3 | 225/ई.डी./21–22 | 30.12.2021 | 29.06.2023 | 65 | 40 | 908.00 | 458.42 | 65 | 65 |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की प्रगति को देखते हुए फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन अनुबन्धों के कार्य पूर्ण करने का समय समाप्त हो गया उन योजनाओं पर मैनपावर बढ़ाते हुए तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिस पर मेसर्स लार्सेन एण्ड टूब्रो लि० के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अतुल मिश्रा द्वारा बताया गया कि पम्प हाउस एवं बाउन्ड्रीवाल के शेष बचे कार्यों को 10 दिन में पूर्ण कर लिया जायेगा एवं शिरोपरि जलाशय के अतिरिक्त समस्त अवशेष कार्यों को 31 मार्च 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा तथा दो माह के अन्दर शिरोपरि जलाशयों के कार्य भी पूर्ण कर लिये जायेगें।

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे० लार्सेन एण्ड टूब्रो लि० के कार्यों की प्रगति अत्यन्य धीमी होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि कार्यों में मैनपावर बढ़ाते हुए समयान्तर्गत गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

3– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे० लार्सेन एण्ड टूब्रो लि० को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डालते समय जो सड़के तोड़ी/खोदी जा रही उनको साथ में ही मोटरेबल कराते हुए सड़को के पुर्नस्थापन/मरम्मत का कार्य शीघ्र किया जाये। चूँकि पुर्नस्थापन/मरम्मत का कार्यो की प्रगति बहुत धीमी है। जिन योजनाओं मे पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उसकी लिस्ट मुख्य विकास अधिकारी महोदया, को प्रेषित करें तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदया, को निर्देशित कि पुर्नस्थापन हो चुके ग्रामों का सत्यापन करा लिया जाये।

4– जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी विद्यालयों/आंगनवाड़ी/ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में जल संयोजन प्राथमिकता पर किया जाये।

**मे० एन०सी०सी० लि०–**

1– मे० एन०सी०सी० लि० द्वारा अवगत कराया गया कि 783 स्वीकृति डी०पी०आर० में 776 नग बोरवेल का कार्य पूर्ण हुआ है। पम्प हाउस 737 नग में कार्य चल रहा है तथा 770 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा समय सीमा पूर्ण हो जाने वाले कवर अनुबन्धों की समीक्षा की गई जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क. सं. | कवर अनुबन्ध | कार्य प्रारम्भ की तिथि | कार्य समाप्ति की तिथि | शिरोपरि जलाशय | | पाइप लाइन (कि०मी०) | | बोरिंग का कार्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लक्ष्य | प्रगति | लक्ष्य | प्रगति | लक्ष्य | प्रगति |
| 1 | 125/ई.डी./21–22 | 31.08.2021 | 28.02.2023 | 20 | 19 | 199.77 | 169.25 | 20 | 18 |
| 2 | 213/ई.डी./21–22 | 11.12.2021 | 10.06.2023 | 70 | 66 | 939.25 | 799.00 | 70 | 70 |
| 3 | 256/ई.डी./21–22 | 09.02.2022 | 08.08.2023 | 51 | 48 | 709.32 | 599.22 | 51 | 51 |
| 4 | 312/ED/2022-23/VII | 02.08.2022 | 01.02.2024 | 56 | 50 | 737.32 | 610.32 | 56 | 56 |



Scanned by CamScanner

3

156

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की प्रगति को देखते हुए फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन अनुबन्धों के कार्य पूर्ण करने का समय समाप्त हो गया उन योजनाओं पर मैनपावर बढ़ाते हुए तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स एन०सी०सी० लि० की शिरोपरि जलाशय की अत्यन्त कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फर्म को निर्देशित किया गया कि शिरोपरि जलाशय की प्रगति में सुधार करें जिस पर मेसर्स एन०सी०सी० लि० के ए०जी०एम० के द्वारा बताया गया कि कार्यों को समयान्तर्गत तीव्र गति से पूर्ण करा लिया जायेगा।

3– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे० एन०सी०सी० लि० को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डालते समय जो सडके तोडी/खोदी जा रही उनको साथ में ही मोटरेबल कराते हुए सड़को के पुर्नस्थापन/मरम्मत का कार्य शीघ्र किया जाये। चूँकि पुर्नस्थापन/मरम्मत का कार्यों की प्रगति बहुत धीमी है। जिन योजनाओं में पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उसकी लिस्ट मुख्य विकास अधिकारी महोदया, को प्रेषित करें तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदया, को निर्देशित कि पुर्नस्थापन हो चुके ग्रामों का सत्यापन करा लिया जाये।

4– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स एन०सी०सी० लि० को निर्देशित किया गया कि बिना अनुमति के पाइप लाइन बिछाने हेतु सडकों तोड़ा/काटा न जाये तथा लेपित सतह से 01 मीटर दूरी पर ही पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जाये तथा बैकफीलिंग लेयर बाई लेयर कम्पेक्शन करते ट्रन्च की भराई की जाये।

5– जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी विद्यालयों/आंगनवाडी/ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में जल संयोजन प्राथमिकता पर किया जाये।

**सेन्सिस टेक लि० ( टी०पी०आई०ए०)–**

1– टी०पी०आई० सेन्सिस टेक लि० द्वारा कार्य कर रही एजेन्सी मेसर्स एल० एण्ड टी० लि० एवं एन०सी०सी० लि० के कार्यों की जानकारी दी गई एवं मेसर्स एन०सी०सी० लि० एवं एल० एण्ड टी० लि० द्वारा कई स्थानों पर निम्न गुणवत्ता की ईटों का प्रयोग किया जा रहा है। कार्य कर रही एजेन्सियों के द्वारा कई स्थानों पर पाइप लाइन मार्गों को खोदकर बैकफीलिंग/मोटरेबल का कार्य नहीं किया जा रहा है एवं रोड पुर्नस्थापन का कार्य भी शेष है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुए दोनों कार्य कर रही फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डालने के उपरान्त उनको बैकफीलिंग/मोटरेबल कराते हुए पूर्व की स्थिति में लाना सुनिश्चित करें तथा प्रयोग में लायी जा रही सामग्री(ईट, मौरंग, गिट्टी, सरिया एवं सीमेंन्ट इत्यादि) की आपूर्ति एजेन्सियों द्वारा स्वयं की जाये जिससे कार्यो की गुणवत्ता बनी रहे एवं सामग्री की आपूर्ति बाद गुणवत्ता जांच कराने के उपरान्त ही प्रयोग में लायी जाये।

2– टी०पी०आई० सेन्सिस टेक लि० द्वारा बताया गया कि दोनों फर्मों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन सही से नहीं किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी महोदय दोनों फर्मो को निर्देशित किया गया कि साइटों पर सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु सुरक्षा नियमों का बोर्ड बना कर लगायें तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें।

3– टी०पी०आई० सेन्सिस टेक लि० के डी०पी०एम० श्री सुनील कुमार शुक्ल द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स एल० एण्ड टी० लि० के द्वारा 211 ग्रामों में सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं एन०सी०सी० लि० के 280 ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

<u>डी०पी०एम०यू०–</u>

1– जिलाधिकारी महोदय द्वारा डी०पी०एम०यू० को निर्देशित किया गया कि विवादित भूमि प्रस्तावों को निस्तारित कराने हेतु उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निस्तारित करायें।

2– डी०पी०एम०यू० द्वारा अवगत कराया गया कि विवादित भूमियों को निस्तारित कराने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है जल्द ही सभी का निस्तारण करा दिया जायेगा।

<u>आई० एस० ए०–</u>

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी शिक्षा भारती, नवचेतना विकास समिति एवं नवनीत फाउन्डेशन द्वारा प्लानिंग एण्ड मोबिलाइजेशन फेज में किये गये कार्यों के बीजक प्रेषित किये गये।



Scanned by CamScanner

1— शिक्षा भारती

| Sr.No. | MileStone | Activity | Norms of Payment |
|---|---|---|---|
| 1 | Constitution of Gram Panchayat Sub Committee (VWSC/GPWSC) & opening bank Account | Gram Sabha meeting, Constitution & activation of VWSC/GPWSC, Orintation on JJM and responsibility of VWSC/GPWSC, Agreement of skild manpower for PWS & signing of Agreement etc all performed activity | 20% of agreement cost |
| 2 | Verification of baseline DATA | Verification of baseline DATA, (10% of House hold) | 3% of agreement cost |
| 3 | Survey for water security plan | Data & Survey for water security plan | 2% of agreement cost |
| 4 | Consent of Household | Consent of minimuam 80% of Household for PWS | 4% of agreement cost |
| 5 | Community Contribution | Community Contribution(Capax&Opex) | 3% of agreement cost |
| 6 | Finalization & approval of VAP | constitution of VAP | 2% of agreement cost |

समिति द्वारा प्रेषित बीजकों पर विचार विमर्श करने के उपरान्त VWSC कमेटी का गठन, मीटिंग, महिला–पुरूष बैठक, हैण्डवाश प्रभात फेरी, वाटर सिक्योरिटी प्लान, Consent of Household एवं VAP के गठन का कार्य सन्तोषजनक पाया गया है। बेसलाइन सर्वे सत्यापन का कार्य आई०एस०ए० द्वारा प्राप्त दस्तावेज अपूर्ण होने के कारण बीजक से रू0 660000.00 की धनराशि रोकने का निर्णय लिया गया।

2— नवनीत फाउन्डेशन

| Sr.No. | MileStone | Activity | Norms of Payment |
|---|---|---|---|
| 1 | Constitution of Gram Panchayat Sub Committee (VWSC/GPWSC) & opening bank Account | Gram Sabha meeting, Constitution & activation of VWSC/GPWSC, Orintation on JJM and responsibility of VWSC/GPWSC, Agreement of skild manpower for PWS & signing of Agreement etc all performed activity | 20% of agreement cost |
| 2 | Verification of baseline DATA | Verification of baseline DATA, (10% of House hold) | 3% of agreement cost |
| 3 | Survey for water security plan | Data & Survey for water security plan | 2% of agreement cost |
| 4 | Consent of Household | Consent of minimuam 80% of Household for PWS | 4% of agreement cost |
| 5 | Community Contribution | Community Contribution(Capax&Opex) | 3% of agreement cost |
| 6 | Finalization & approval of VAP | constitution of VAP | 2% of agreement cost |

समिति द्वारा प्रेषित बीजकों पर विचार विमर्श करने के उपरान्त VWSC कमेटी का गठन, मीटिंग, महिला–पुरुष बैठक, हैण्डवाश प्रभात फेरी, वाटर सिक्योरिटी प्लान, Consent of Household एवं VAP के गठन का कार्य सन्तोषजनक पाया गया है। बेसलाइन सर्वे सत्यापन का कार्य आई०एस०ए० द्वारा प्राप्त दस्तावेज अपूर्ण होने के कारण बीजक से रू0 503250.00 की धनराशि रोकने का निर्णय लिया गया।

3— नवचेतना विकास समिति

| Sr.No. | MileStone | Activity | Norms of Payment |
|---|---|---|---|
| 1 | Constitution of Gram Panchayat Sub Committee (VWSC/GPWSC) & opening bank Account | Gram Sabha meeting, Constitution & activation of VWSC/GPWSC, Orintation on JJM and responsibility of VWSC/GPWSC, Agreement of skild manpower for PWS & signing of Agreement etc all performed activity | 20% of agreement cost |
| 2 | Verification of baseline DATA | Verification of baseline DATA, (10% of House hold) | 3% of agreement cost |

154

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | Survey for water security plan | Data & Survey for water security plan | 2% of agreement cost |
| 4 | Consent of Household | Consent of minimuam 80% of Household for PWS | 4% of agreement cost |
| 5 | Community Contribution | Community Contribution(Capax&Opex) | 3% of agreement cost |
| 6 | Finalization & approval of VAP | constitution of VAP | 2% of agreement cost |

समिति द्वारा प्रेषित बीजकों पर विचार विमर्श करने के उपरान्त VWSC कमेटी का गठन, मीटिंग, महिला–पुरूष बैठक, हैण्डवाश प्रभात फेरी, वाटर सिक्योरिटी प्लान, Consent of Household एवं VAP के गठन का कार्य सन्तोषजनक पाया गया है। बेसलाइन सर्वे सत्यापन का कार्य आई0एस0ए0 द्वारा प्राप्त दस्तावेज अपूर्ण होने के कारण बीजक से रू0 330000.00 की धनराशि रोकने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दोनों फर्मों को निर्देशित किया गया कि किये जा रहे गृह संयोजनों को घर के अन्दर दिया जाये तथा जिन योजनाओं के कार्य पूर्ण कर लिये गये है एवं हर घर जल प्रमाणीकृत किया जाना है उनकी सूची पहले ही उपलब्ध करायें, ताकि उन पर नोडल अधिकारी नामित करके किये गये कार्यों का सत्यापन करा लिया जाये।

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
सीतापुर
(सदस्य सचिव)

अधिशासी अभियन्ता,
सीतापुर प्रखण्ड,
शारदा नहर सीतापुर,
(सदस्य)

जिला बेसिक शिक्षा
अधिकारी सीतापुर
(सदस्य)

जिला पंचायत राज अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

जिला विकास अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

मुख्य विकास अधिकारी,
सीतापुर(उपाध्यक्ष)

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)

पृ0 संख्याः 783 / W-S-5 /32 दिनॉक 07 / 03 /2024
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।
3– जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
4– प्रभागीय वनाधिकारी, सीतापुर।
5– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम(नगरीय), सीतापुर।
6– अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड, शारदा नहर, सीतापुर।
7– सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
8– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनामल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नाई।
9– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
10– डी0पी0एम0यू0 सीतापुर।
11– समस्त आई0एस0ए0 सीतापुर।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)